# औद्योगिक प्राधिकरण जमीन आवंटन की रफ्तार बढ़ाएं

लखनऊ,विसं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को निर्देश दिए हैं कि वह निवेशकों को जमीन आवंटन की प्रक्रिया सरल करें और आवंटन की रफ्तार बढ़ाएं ताकि राज्य में एमओयू करने वाले निवेशक जल्द अपने उद्योग लगा सकें। मुख्यमंत्री ने शनिवार को औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमियों द्वारा किए गए एमओयू की लगातार मॉनीटरिंग की जाए और इसके लिए उनके साथ बैठकें कर उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाए।

मुख्यमंत्री योगी लखनऊ में 30 अगस्त को एक समारोह में 13 सौ करोड़ रुपये के रियायत अनुदान निवेशकों व उद्यमियों को बांटेंगे।